Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 15 जून, 2023

भारतीय अल्ट्रा-रिच इंडविजिुअल्स का बहरि्वाह प्रवास

हेनले एंड पार्टनर्स द्वारा जारी हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रपिोर्ट, 2023 के अनुसार, भारत में वर्ष 2023 में **6,500 हाई नेट-वर्थ इंडविजिुअल्स (HNWI) के कुल बहरि्वाह** का अनुमान है, जिससे यह अल्ट्रा-रिच इंडविजिुअल्स के बहरि्वाह प्रवास के मामले में **दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन** करने वाला देश बन जाएगा, हालाँकि **चीन अभी भी प्रथम स्थान** पर है। यह रिपोर्ट HNWI को **1 मलियिन अमेरकिी डॉलर या उससे अधकि की नविश योग्य संपत्ति के रूप में परभिाषित** करती है, जो रुपए के संदर्भ में **8.2 करोड़ या उससे अधकि** के बराबर है। यह प्रवृत्ति वर्ष 2022 के ऐसे 7,500 व्यक्तियों के पछिले बहरि्वाह का अनुसरण करती है। इसके वपिरीत **वर्ष 2023 में HNWI के कुल बहरि्वाह** के मामले में **ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, सगिापुर, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं स्वटि्ज़रलैंड के** शीर्ष स्थान पर रहने की उम्मीद है। **HNWI जनसंख्या के आधार पर वशि्व के सबसे धनी देशों में भारत 10वें स्थान पर है। इसमें 3,44,600 HNWI, 1,078 सेंटी-मलियिनेयर्स एवं 123 अरबपति हैं। इसकी तुलना में चीन में 7,80,000 HNWI तथा 285 अरबपति हैं,** जबकि अमेरिका, जिसकी आबादी महज 340 मलियिन है, में 52,70,000 HNWI व 770 अरबपति हैं। W10 समूह, **जिसमें अमेरिका, जापान, चीन, जर्मनी, यूनाइटेड कगिडम, स्वटि्ज़रलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्राँस और भारत शामिल हैं,** सबसे अधकि HNWI वाले शीर्ष 10 देशों का प्रतनिधित्वि करते हैं

और पढ़ें...[मानव प्रवासन: कारण और प्रभाव]

जोकोवचि और स्वोटेक ने फ्रेंच ओपन में ऐतहिासकि जीत दर्ज की

नोवाक जोकोवचि ने फ्रेंच ओपन, 2023 में रोलैंड-गैरोस में अपना तीसरा खिताब हासलि कर इतिहास रचने के साथ सबसे सफल पुरुष एकल टेनसि खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति दर्ज की। धीमी शुरुआत के बावजूद 36 वर्षीय इस सर्बियाई खिलाड़ी ने **नॉर्वे के** अपने **प्रतद्विंद्वी कैस्पर रूड को सीधे सेटों में 7-6 (1), 6-3, 6-5 से मात** दी। **इस जीत के साथ जोकोवचि ने 23वाँ प्रमुख पुरुष एकल मुकाबले में जीत दर्ज की है** और इस खेल के इतिहास में अन्य सभी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने **ओपन एरा में सबसे ज़्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के सेरेना वलियिम्स के रकिॉर्ड की भी बराबरी कर ली है।** इस बीच **महिला वर्ग में वशि्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वयिाटेक ने** [रोलैंड गैरोस] **में सफलता के साथ अपना खिताब बनाए रखा। कैरोलिना मुचोवा** के खिलाफ रोमांचक फाइनल में स्वयिाटेक **6-2, 5-7, 6-4** के स्कोर के साथ विजयी हुई। **यह फ्रेंच ओपन में स्वयिाटेक की तीसरी करयिर चैंपियनशपि और कुल मलिाकर उनका चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है।**

भारत के प्रेषण में कमी

भारत ने **वर्ष 2022 में 24% की वृद्धि के साथ आवक प्रेषण में एक महत्त्वपूर्ण वृद्धि हासलि** की जो [वशि्व बैंक] के 100 बलियिन अमेरकिी डॉलर के अनुमान को पार करते हुए **111 बलियिन अमेरकिी डॉलर** तक पहुँच गया। यह **दक्षणि एशिया के प्रेषण प्रवाह का 63% है** जो कि 176 बलियिन अमेरकिी डॉलर की राशि है। हालाँकि [OECD] **अर्थव्यवस्थाओं में मंदी के कारण वशि्व बैंक द्वारा जारी नवीनतम माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ के अनुसार, वर्ष 2023 में भारत में प्रेषण प्रवाह में केवल 0.2% की वृद्धि का अनुमान** है, वशिेष रूप से प्रवासियों के संदर्भ में जो कि रोज़गार के अवसरों और मज़दूरी को प्रभावित करते हैं। औपचारकि प्रेषणों के अनौपचारकि माध्यमों में परविर्तति होने की भी उम्मीद है। **संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड कगिडम और सगिापुर में उच्च-कुशल भारतीय प्रवासियों** ने **महामारी के बाद की रकिवरी और वेतन वृद्धि से लाभान्वति** होकर भारत के प्रेषण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

गैबॉन की पहली कृषि-SEZ परियोजना

केंद्रीय शिक्षा और कौशल वकिास एवं उद्यमिता मंत्री ने आधिकारकि तौर पर गैबॉन की पहली कृषि-SEZ ([वशिेष आर्थकि क्षेत्र]**) परियोजना** शुरू की। परियोजना तकनीकी तथा ज्ञान भागीदार के रूप में **सेंचुरयिन वशि्ववदि्यालय के साथ AOM समूह द्वारा कार्यान्वति** की जाएगी। कार्यक्रम के प्रथम चरण में 30 कसिान एवं **गजपति ज़िले** के 20 बी.एससी./एम.एससी. एग्री और बी.टेक/एम.टेक इंजीनियरिंग के छात्र इस परियोजना के तहत वकिसति किये जा रहे कृषि-SEZ के लिये कृषि-तकनीकी तथा तकनीकी सलाहकार के रूप में एक साथ गैबॉन की यात्रा करेंगे। गौरतलब है कि गजपति ओडिशा का एक आकांक्षी ज़िला (एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट) है। साथ ही **उपनिवेश-वरिोधी एकजुटता, प्रवासी सद्भावना और 'दक्षणि-दक्षणि' सहयोग का सिद्धांत** भारत तथा

अफ्रीकी महाद्वीप के बीच साझेदारी को मज़बूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

//

और पढ़ें... विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-15-june-2023